तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 1 मार्च 2026

4
कलेक्टर-एसएसपी ने जिला जेल का लिया जायजा, बंदियों से की चर्चा





## खबर संक्षेप

### पान दुकानों की जांच 35 संचालकों पर जुर्माना

**रायगढ़।** होली पर्व को देखते हुए जिले में नशे के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। शहर के विभिन्न पान ठेलों में गोगो नामक नशे की सामग्री सहित अन्य मादक पदार्थों के विक्रय की सूचना मिल रही है। कोतवाली, कोतरारोड, जूटमिल, पुसौर, तमनार एवं लैलूंगा थाना क्षेत्रों के पान ठेलों, अड्डेबाजी स्थलों एवं दुकानों में पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान गोगो नामक नशे की सामग्री बिक्री करते पकड़ा गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा संबंधित संचालकों पर जुर्माना लगाया गया, वहीं पुलिस द्वारा संचालकों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। थाना कोतवाली क्षेत्र के राजीव नगर, रामपुर, ढिमरापुर, इंदिरा नगर और चांदमारी क्षेत्र के पांच अलग अलग स्थानों पर 6 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

### मेगा टेक्निकल सेमिनार का आयोजन

**रायगढ़।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की रायगढ़ शाखा के तत्वावधान में 27 फरवरी को आयोजित टेक्निकल सेमिनार संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और टैक्स विशेषज्ञों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बजट 2026 के आयकर सुधार और 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए आयकर अधिनियम 2025 आयकर संहिता 2025 के विभिन्न प्रावधानों और उनके भविष्य में पड़ने वाले प्रभावों पर गहन चर्चा की गई। रायपुर के सीए और शिक्षक साक्षी गोपाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

### विधानसभा में गूंजा मामला, विपक्ष ने पूछे सवाल

# दो साल के भीतर जिले में 120 मर्डर, रायपुर से केवल 50 कम, अपहरण में भी सातवां स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि कानून का खौफ लोगों के मन से काफूर हो जाए तो अपराध का ग्राफ बढ़ना स्वभाविक ही है। यह हम नहीं बल्कि विधानसभा में दिए गए एक सवाल का जवाब कह रहा है। याने रायगढ़ में लूट, हत्या, अपहरण जैसे अपराधों का ग्राफ दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। हालात तो यह है कि अब हम मर्डर के मामले में राजधानी का मुकाबला करने लगे हैं। बीते दो साल के आंकड़े तो यही कह रहे हैं। राजधानी से हमारा रायगढ़ मर्डर के मामले में केवल 50 कदम ही दूर है। वहां दो साल में 170 मर्डर के मामले सामने आए हैं तो वहीं रायगढ़ में 120 दर्ज किया गया है। किडनेपिंग में भी जिला 7 वें स्थान पर है। साथ ही लूट का रेंक भी डरावने हैं। लूट का स्थाना भी जिले का 5वें पर है।

जैसे-जैसे औद्योगिक विकास की ओर रायगढ़ जिला बढ़ते जा रहा है वैसे-वैसे अपराधों की चाल भी तेज होती जा रही है। बीते 8-10 सालों में कुछ ऐसे हालात निर्मित हुए हैं कि लोगों के मन में कानून और पुलिस का खौफ लगभग खत्म हो चुका है। इस वजह से अपराध बढ़ रहा है। इसका ताजा उदाहरण विधानसभा में दिया गया जवाब है। खरसिया विधायक उमेश पटेल के एक सवाल के जवाब में दिए गए आंकड़े यहां बढ़ते अपराध की कहानी स्वयं बयां कर रहे हैं। विधायक श्री पटेल ने बीते दो साल में प्रदेश में हत्या, लूटपाट, अपहरण को लेकर सवाल उठाया था। इसके जवाब में दिए गए आंकड़े ही यहां बता रहे हैं। दो साल में रायगढ़ जिले में 120 मर्डर के मामले दर्ज हुए हैं। इसी तरह किडनेपिंग के मामले 248 दर्ज किया गया है। लूटपाट के मामले की बात करें तो प्रदेश में जिले का पांचवां स्थान है। यहां लूटपाट 48 मामले दर्ज किया गया है। यह आंकड़ा चौंकाने वाले ही है। ओवर ऑल रेंक देखा जाए तो जिले का 7 वां है।

**खास बातें**

- किडनेपिंग में जिला है 7 वें स्थान पर, लूट का रेंक भी डरावने, पहुंच गए 5वें स्थान पर
- दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है अपराध का ग्राफ




**पुलिस ने जारी नहीं किया बीते साल का आंकड़ा**

अमूमन हर साल जनवरी में पुलिस क्राइम के आंकड़े जारी करता है, लेकिन बीते साल के आंकड़े जारी नहीं किए गए। हालांकि बैठक में तत्कालीन एसपी ने बढ़ते क्राइम पर चिंता जरुरी जताई थी। उन्होंने महिला संबंधी अपराधों को लेकर कड़ी चेतावनी भी दिया था। बीते 19 जनवरी को ली गई बैठक में एसपी ने शरीर, संपत्ति, चाकूबाजी, महिला और साइबर अपराधों में 2024 की तुलना में 2025 में बढ़ोत्तरी पर चिंता जाहिर किया था। इसका सीधा मतलब है अपराध बढ़ रहा हे। इसके कारणों पर चर्चा की गई थी और रोकथाम के उपाय भी बताए गए थे।

**ऐसे हुए दो साल में हत्या, लूटपाट और किडनेपिंग (जैसे विधानसभा में जवाब दिए)**

| | |
|---|---|
| हत्या | 120 |
| लूटपाट | 48 |
| अपहरण | 248 |

# बाइक पर फर्राटे मार रहे नाबालिगों पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पालकों की लापरवाही से ही नाबालिग बच्चे गाड़ियों में फर्राटे भर रहे हैं। ऐसे वाहन चालकों से सड़क पर चलने वाले लोगों को डर लगने लगा है। बेहूदा गाड़ी चलाते हुए मस्ती करते हैं। इससे खुद को तो नुकसान पहुंच ही सकता है, दूसरों को भी नुकसान होने का अंदेशा रहता है। ऐसे नाबालिग वाहन चालकों को पुलिस ने सुधारने का अभियान चालू कर दिया है। पहले दिन 40 नाबालिग वाहन चालकों को पकड़ा गया है।

खास बात यह है कि उनके पालकों को मौके पर तलब कर उनके सामने ही सबक सिखाया गया है। नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने, तेज एवं फर्राटेदार वाहन चलाने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली, चक्रधरनगर और जूटमिल थाना क्षेत्रों के प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 40 नाबालिग वाहन चालकों को वाहन चलाते हुए पकड़ा गया, जिनके अभिभावकों को थाने बुलाकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रत्येक के विरुद्ध 1000-1000 रुपए का चालान किया गया। साथ ही अभिभावकों को कड़ी हिदायत दी गई कि भविष्य में उनके बच्चे दोबारा वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन की जब्ती के साथ अभिभावकों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## युवक को जलाकर हत्या करने वाले फरार आरोपी कृष्णा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने मौहापाली मर्डर के फरार आरोपी कृष्णा उर्फ गंगाराम सोनवानी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सप्ताह भर पहले खरसिया पुलिस ने मौहापाली में युवक शिव प्रसाद पटेल की मारपीट कर पेट्रोल डालकर हत्या करने के मामले में फरार आरोपी कृष्णा उर्फ गंगाराम सोनवानी पिता छोटकू सोनवानी 28 निवासी मौहापाली भांटापारा को शनिवार दोपहर उसके गांव के तालाब के पास से गिरफ्तार किया है। इस मामले का मुख्य आरोपी निलेश डेंजारे उर्फ निले को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। घटना 16 फरवरी की है जब मृतक शिव प्रसाद पटेल अपने मामा के घर मौहापाली गया था, जहां आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ मारपीट की और बाद में पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी कृष्णा उर्फ गंगाराम ने बताया कि उसने मारपीट में घायल शिव प्रसाद पटेल के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, साक्ष्य और सूचना के आधार पर फरार आरोपी कृष्णा सोनवानी को गिरफ्तार किया।

## पुलिस ने पकड़ा 70 हजार का साढ़े 12 किलो गांजा

**रायगढ़।** 26 फरवरी को तमनार पुलिस ने बांधापाली पंडरी डबरी तालाब के पास मेन रोड पर घेराबंदी कर एक बिना नंबर मोटरसाइकिल में गांजा लेकर बिक्री करने पत्थलगांव की ओर जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दो लोग बिना नंबर के मोटरसाइकिल में गांजा लेकर हमीरपुर, धौराभांठा, हुकराडीपा और कुंजेमुरा होते हुए पत्थलगांव की ओर जाने की जानकारी मिली थी।

तमनार टीआई कमला पुसाम ठाकुर ने अपनी टीम के साथ मौके पर घेराबंदी की और संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े उर्फ पिंटू पिता रामसाय राजवाड़े 33 निवासी रफेली थाना दरिमा और दूसरे ने अपना नाम नरेश यादव पिता अमरसाय यादव 35 निवासी रतनपुर पाठीपारा थाना सीतापुर बताया। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की वैधानिक जानकारी देकर तलाशी लेने पर उनके कब्जे से प्लास्टिक बोरी में अलग अलग पैकेटों में रखा 12.410 किलोग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रुपए को बरामद किया गया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से बिना नंबर की मोटरसाइकिल कीमत 27 हजार तथा मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस द्वारा बरामद मादक पदार्थ, मोटरसाइकिल और मोबाइल को विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना तमनार में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।





